# न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 15.10.2024 | राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार नांगल राजावतान<br>बनाम<br>मांगीलाल व अन्य<br>किस्म मुकदमा : रेफरेन्स<br>मुकदमा संख्या 39/2018<br><br>राजकीय अधिवक्ता उपस्थित। पत्रावली का अवलोकन किया गया। पूर्व में रेफरेन्स प्रकरण संख्या 188/2015 उनवानी सरकार बनाम मांगीलाल वगैरा में पारित निर्णय दिनांक 21.03.2018 के अनुसार प्रकरण तहसीलदार नांगल राजावतान को रिमाण्ड कर निर्देशित किया गया था कि अप्रार्थीगण की मृत्यु या अन्य कारण से प्रकरण में कोई परिवर्तन हो तो रेफरेन्स नये सिरे से तैयार कर अपेक्षित दस्तावेजात सहित न्यायालय में प्रस्तुत करें। पत्रावली में संलग्न पटवारी हल्का की रिपोर्ट दिनांक 20.07.2018 के अनुसार भी अप्रार्थी मांगीलाल पुत्र ग्यारसा फौत हो चुका है। अप्रार्थी मांगीलाल पुत्र ग्यारसा के फौत हो जाने के उपरान्त भी तहसीलदार नांगल राजावतान द्वारा अप्रार्थी के कायम मुकाम की जांच किये बिना एवं संशोधित टाइटल एवं रेफरेन्स योग्य अपेक्षित दस्तावेजात के बिना ही रेफरेन्स प्रकरण पुनः मृत व्यक्ति के विरूद्ध ही इस न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया है। तहसीलदार नांगल राजावतान द्वारा ना तो मृतक अप्रार्थी मांगीलाल पुत्र ग्यारसा के कायम मुकामान की सूचना पेश की गई ना ही संशोधित टाइटल न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। इस कारण से प्रकरण काफी समय से न्यायालय में लम्बित चल रहा है। मृतक व्यक्ति के विरूद्ध प्रकरण चलाये जाने का औचित्य नहीं है।<br>अतः तहसीलदार नांगल राजावतान द्वारा प्रस्तुत रेफरेन्स पत्रावली लौटाकर प्रकरण तहसीलदार नांगल राजावतान को इस आशय के साथ रिमाण्ड किया जाता है कि पत्रावली का गौरपूर्वक अवलोकन कर मृतक अप्रार्थी मांगीलाल पुत्र ग्यारसा जाति बैरवा के वारिसान की जांच कर एवं अन्य अप्रार्थीगण के सम्बन्ध में भी आवश्यक जांच कर संशोधित टाइटल, तलबी हेतु पूर्ण पता एवं रेफरेन्स पेश किये जाने हेतु अपेक्षित दस्तावेजात सहित रेफरेन्स नये सिरे से इस न्यायालय में प्रस्तुत किया जावे। निर्णय की प्रति के साथ अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली भिजवाई जावे। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर नम्बर से कम हो। निर्णय आज दिनांक 15.10.2024 को मेरे द्वारा खुले न्यायालय मे सुनाया गया।<br><br>( सुमित्रा पारीक )<br>अति. जिला कलक्टर ,दौसा<br><br>Signature Not Verified<br>Digitally signed by Sumitra Pareek<br>Date: 2025.01.22 18:10:00 IST<br>Reason: SelfAttested | |

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official